हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 25 नवंबर 2025


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री


10 कलेक्टर ने बच्चों को अपने हाथों से परोसा न्योता भोज





10 सरदार पटेल की जयंती पर चिखलपुटी से पलारी तक निकाली गई भव्य 'यूनिटी मार्च'






## खबर संक्षेप

### पतंजलि योग परिवार का इंटीग्रेटेड योग शिविर 26 से



**जगदलपुर।** पतंजलि योग परिवार द्वारा 26 से 30 नवंबर तक सिटी ग्राउंड में 5 दिवसीय विशाल इंटीग्रेटेड योग शिविर "योगाफेस्ट-2025" का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जलाराम मंदिर सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। पतंजलि योग परिवार के साधकों ने शिविर से पूर्व घर-घर पहुंचकर लोगों को योग से जोड़ने का संकल्प लिया।

### शिक्षकों से मुलाकात कर समस्याओं को जाना



**जगदलपुर।** ग्राम गढ़िया में विकास के साथ शासन के पंचायती योजनाओं को लेकर ग्राम वासियों को जागरूक करने के साथ उन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय गढ़िया के युवा सरपंच ने आज स्थानीय गांव के प्राथमिक शाला स्कूल पहुंचे और पढ़ाई को लेकर बच्चों की क्लास ली। सरपंच भरत कश्यप प्राथमिक स्कूल पहुंचे और उन्होंने बच्चों से मुलाकात की पढ़ाई एवं अन्य तैयारियां को लेकर उन्हें टिप्स दिया। उसके साथ ही उन्होंने स्कूल के शिक्षकों से मुलाकात की। स्कूल से जुड़ी समस्याओं को भी जाना और बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए निर्देश दिए।

# कमिश्नर ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने सोमवार को बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड अंतर्गत मालगांव में धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर धान की तौल हेतु इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा की व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता, डनेज की व्यवस्था, किसानों के लिए पेयजल की व्यवस्था इत्यादि के बारे में जानकारी ली और किसानों के धान खरीदी हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मालगांव में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का भी जायजा लिया और उक्त कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने कहा।

कमिश्नर ने मालगांव धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी के उपरांत सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त स्थल की उपलब्धता हेतु लेम्प्स के समीप खाली जगह को समतलीकरण सहित साफ-सफाई करने और डनेज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान किसानों से भी रूबरू होकर धान विक्रय करने के बारे में चर्चा की। इस दौरान अवगत कराया गया कि धान खरीदी केन्द्र में 617 किसान पंजीकृत हैं और वर्तमान में 25 हजार नए बारदाने एवं दो हजार पुराने बारदाने उपलब्ध है। कमिश्नर ने मतदान केंद्र क्रमांक एक मालगांव तथा मतदान केंद्र क्रमांक दो मालगांव में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इसे नियत समय पर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर बताया गया कि मतदान केंद्र मालगांव एक में 60 प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन एवं डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है, वहीं मतदान केंद्र मालगांव दो में 58 प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन और डिजिटाइजेशन पूर्ण हो गया है।

**मालगांव में धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण**



**मतदाताओं को दें आवश्यक जानकारी**

कमिश्नर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों का स्थानीय स्तर पर दस्तावेज की उपलब्धता, मतदाताओं को आवश्यक मार्गदर्शन देने सहित मुनादी इत्यादि के लिए सहयोग लेने कहा। साथ ही बीईओ एवं बीआरसी को भी जिम्मेदारी देकर मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य में अद्यतन प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जागेश्वरी पोयाम तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### शिविर : गंभीर कुपोषण से ग्रसित 17 बच्चे एनआरसी बासागुड़ा रेफर

# बस्तर के बीहड़ इलाके में पहुंचा स्वास्थ्य अमला, 664 ग्रामीणों का किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सुदूर और दुर्गम अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा रायपुर स्थित एक गैर-सरकारी संगठन के सहयोग से विशेष मेगा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में राज्य स्तरीय विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 664 ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, जांच और उपचार प्रदान किया। अभियान के दौरान कई गंभीर बीमारियों की पहचान की गई और मरीजों को समय पर उच्चस्तरीय उपचार हेतु रेफर किया गया।

- गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों को जिला अस्पताल किया रेफर

स्वास्थ्य अभियान कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार सीएमएचओ नेतृत्व में दुर्गम पहाड़ी रास्तों और सीमित संसाधनों के बावजूद विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य टीमों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं स्थानीय समुदायों के सहयोग से यह पहल एक बड़ी सफलता सिद्ध हुई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर. पुजारी ने कहा यह शिविर दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का सफल प्रयास हैं। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयोजित यह शिविर बीजापुर के जंगलों और पहाड़ी इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की नई रोशनी लेकर आए हैं जहां डॉक्टरों का यह कारवां उम्मीद और राहत की एक मजबूत मिसाल बनकर उभरा है। इस जहां ओपीडी एनसीडी स्क्रीनिंग 34, उच्च रक्तचाप 1, एक्यूट फेब्राइल इलनेस 8, मलेरिया, टीबी, कुष्ठ स्क्रीनिंग जिनमें 4 संभावित मलेरिया मरीज, सर्दी-खांसी, यूआरटीआई 26, शारीरिक व जोड़ों का दर्द 37, चर्म रोग के 19 और गर्भवती महिलाऐं 3 कुल 127 मरीजों का उपचार किया गया। वही उसूर उसूर विकासखंड में दो दिवसीय विशेष शिविर में भी 537 ओपीडी में कई गंभीर मामलों की जांच की गई। 21-22 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसूर के अंतर्गत चिन्हित गांवों गुंजेपर्ती, बासागुड़ा, फुतकेल और कोंडापल्ली,में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। गुंजेपर्ती 103, बासागुड़ा 203, फुतकेल 121 , कोंडापल्ली 110 कुल 537 पीड़ितों का इलाज किया गया। जहां गंभीर मामलों की पहचा करते हुए सीवियर एनीमिया 6 मरीजों को फील्ड में आयरन सुक्रोज, गले की सूजन 3 मरीजों को जिला चिकित्सालय रेफर किया। वही गंभीर कुपोषण के 17 बच्चे एनआरसी बासागुड़ा रेफर किया।

शिविरों में विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्रवण नेताम, सेक्टर प्रभारी डॉ. विनित जॉन, डॉ. गौरी प्रसाद शिवा, नेत्र सहायक, मलेरिया सुपरवाइजर, टीबी एसटीएस, सीएचओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि, मितानिनें और स्थानीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





**इनका रहा योगदान**

इसके अलावा 21 नवंबर आयुष्मान आरोग्य मंदिर पुसनार के अंतर्गत ग्राम मुदवेंडी में जिला प्रशासन, राज्यस्तरीय विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ।शिविर में सेवाएं प्रदान डॉ. विवेक पांडे, अस्थि रोग विशेषज्ञ वी केयर अस्पताल रायपुर, डॉ. अतुल जैन, अस्थि रोग विशेषज्ञ रूपजीवन अस्पताल कवर्धा, गौरी प्रसाद शिवा, नेत्र सहायक, मलेरिया सुपरवाइजर, टीबी एसटीएस, सीएचओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि, मितानिनें और स्थानीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## तारलागुड़ा चेक पोस्ट पर 765 क्विंटल धान जब्त

**बीजापुर।** तारलागुड़ा चेक पोस्ट पर 765 क्विंटल धान से भरे तीन ट्रकों टीएस 5 यूए 2034, 220 क्विंटल, टीजी 12 टी 4464, 295 क्विंटल, एपी 07 टीबी 6888 से 250 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। वाहन चालकों ने पूछताछ में बताया कि धान तेलंगाना के मुलगु जिला से पेन सीड्स के माध्यम से रायपुर-दुर्ग भेजा जा रहा था। परंतु मौके पर डिलीवरी ऑर्डर अथवा अन्य परिवहन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। दस्तावेज़ों के अभाव में कार्रवाई करते हुए तहसीलदार लक्ष्मण राठिया एवं मंडी उपनिरीक्षक देवराज ठाकुर ने तीनों ट्रकों को जब्त कर थाना प्रभारी तारलागुड़ा हुलाल चंद्राकर के सुपुर्द किया। पुलिस द्वारा संबंधित प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू व पारदर्शी बनाए रखने के लिए कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी सीमावर्ती चेकपोस्टों पर लगातार सख़्त निगरानी रखी जा रही है। इसी निगरानी अभियान के तहत कार्रवाई की गई। प्रशासन ने कहा है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को सुरक्षित एवं पारदर्शी रखने हेतु धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

- प्रशासन ने कहा- अवैध परिवहन और भंडारण पर कार्रवाई रहेगी जारी

## बस्तर की बेटी सुभद्रा ने राष्ट्रीय एकलव्य स्पोर्ट्स मीट में रचा इतिहास, जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गढ़िया की कक्षा 8वीं की होनहार छात्रा सुभद्रा कश्यप ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सुभद्रा ने हाल ही में ओडिशा के सुंदरगढ़ में आयोजित चौथे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्पोर्टस मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए शतरंज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गढ़िया लोहण्डीगुड़ा की इस प्रतिभाशाली बालिका ने राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उसकी निर्णायक चालों और एकाग्रता ने उसे पोडियम के शीर्ष पर पहुंचाया।



- शतरंज प्रतियोगिता में बनी स्वर्ण पदक विजेता

**सही मार्गदर्शन से सफलता**

संस्था प्रमुख ऊषा शुक्ला ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा सुभद्रा ने न केवल अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि उसने यह भी साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। उसकी यह जीत क्षेत्र की अन्य बालिकाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। सुभद्रा कश्यप की यह सफलता बस्तर के ग्रामीण और आदिवासी बहुल क्षेत्र की अन्य युवा प्रतिभाओं के लिए एक प्रेरणा का नया स्त्रोत बन गई है। एक छोटे से क्षेत्र की बालिका का राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना यह दर्शाता है कि सही अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर ये बच्चे किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।



## नशामुक्त भारत पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव में बस्तर थीम नशा मुक्त भारत के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया गया। लक्ष्य गीत, सांस्कृतिक नृत्य एवं नशामुक्त भारत पर नुक्कड़ नाटक हुआ और नशामुक्ति के सहयोग के लिए ग्रामपंचायत वासियों को उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी राहुल सिंह ठाकुर, सहायक लोकेश निषाद, लुप्तेश्वर आचार्य, रीना दास, चारूलता दीक्षित, कल्पना राय, राजेन्द्र कलिहारी, रियाज अली, सुनीता डहरिया, तनिमा बेदी, मीनाक्षी पानीग्रही इंद्रजीत साहू, अमरजीत वर्मा उपस्थित थे।

## सरपंच ने ग्रामीणों को एसआईआर प्रक्रिया के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप ने परिवार के साथ एसआईआर प्रक्रिया में हिस्सा लिया। मतदान करने के अधिकार से कोई वंचित न रह जाए इस उद्देश्य से उनके द्वारा ग्राम के दूसरे ग्रामीण मतदाताओं को भी इस विषय में जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने समस्त मतदाताओं की सहायता करने और प्रक्रिया की जानकारी प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाने की बात कही।



### व्यापारियों की मनमानी और एमएसपी लागू न होने से पनपा आक्रोश

# मक्का समर्थन मूल्य पर बस्तर में उबाल, कलेक्टोरेट का करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के किसानों में मक्का समर्थन मूल्य को लेकर गहरा असंतोष उभर आया है। किसानों ने साफ कहा है कि अब वे अपनी मेहनत की फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए निर्णायक संघर्ष करेंगे। इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में किसान प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचा और प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा कृषि मंत्रियों के नाम संयुक्त ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।

- किसानों ने पीएम, सीएम के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

किसानों का कहना है कि एमएसपी घोषित होने के बावजूद जिले में मक्का की खरीदी 1500-1600 प्रति क्विंटल के बीच हो रही है, जबकि केंद्र सरकार ने खरीफ विपणन सत्र 2025-26 के लिए मक्का का समर्थन मूल्य 2400 प्रति क्विंटल तय किया है। इस कारण किसानों को प्रति क्विंटल 800-900 का भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। ज्ञापन देने के बाद भी प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई न होने पर किसानों में नाराज़गी और बढ़ गई है। इन्हीं मुद्दों को लेकर जगदलपुर के मुरिया सदन में समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें बकावंड, टोकापाल, दरभा, लोहंडीगुडा, बस्तर और जगदलपुर सहित सभी ब्लॉकों से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। बैठक में मक्का एमएसपी के साथ बोधघाट परियोजना पर भी गंभीर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 2 दिसंबर को जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।



समिति अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने कहा कि किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में मक्का की वास्तविक उपज लेकर पहुंचेंगे, जिससे प्रशासन को उत्पादन की वास्तविक स्थिति और बाजार में मिल रहे कम दामों का अंदाज़ हो सके। उन्होंने कहा कि बस्तर के किसानों की समस्याओं को अनदेखा करना अब क्षेत्र के विकास व कृषि तंत्र दोनों के लिए खतरा है।

**किसानों की मुख्य मांगें**

मक्का का घोषित एमएसपी 2400 प्रति क्विंटल तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। व्यापारियों द्वारा कम दर पर खरीदी पर सख्त रोक लगे। समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित कराने प्रशासन जिम्मेदारी निभाए। बोधघाट परियोजना और इंद्रावती नदी संरक्षण पर किसानों की आपत्तियों का समाधान हो।

**ये रहे उपस्थित**

बैठक में सुभाष कश्यप, बोंमडा मांडवी, दयाराम कश्यप, पूरन सिंह कश्यप, बलिराम पुजारी, अंतू सेतिया, संतु मौर्य, बनसिंग मौर्य, कमलेश कश्यप, लक्ष्मण बघेल सहित अनेक किसान मौजूद थे। सभी ने संकल्प लिया कि बस्तर की आवाज़ को दबने नहीं दिया जाएगा और एमएसपी लागू कराने व इंद्रावती नदी संरक्षण के लिए संघर्ष हर हाल में जारी रहेगा।

## दंतेश्वरी महिला कालेज में चार प्रयोगशाला भवन होंगे निर्मित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**जगदलपुर।** बस्तर में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय तथा शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की वर्षों पुरानी मांग को गंभीरता से उठाया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा को पत्र लिखकर दोनों महाविद्यालयों में अवसंरचना सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं ने लंबे समय से प्रयोगशाला भवन निर्माण की मांग रखी थी। महाविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की समस्या सुनते ही विधायक किरण देव ने तत्काल विषय को संज्ञान में लेते हुए शासन को प्रस्ताव भेजा था। शासन स्तर पर सकारात्मक पहल के बाद अब महाविद्यालय में चार प्रयोगशाला भवनों के निर्माण को स्वीकृति मिलने जा रही है, जिससे छात्राओं को प्रयोगात्मक शिक्षा में व्यापक सुविधा प्राप्त होगी।



**खबर संक्षेप**

## आज से शुरू होगी कोकड़ी में मक्का खरीदी

**कोण्डागांव।** माँ दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित कोकड़ी द्वारा संचालित ईथेनॉल प्लांट परिसर में 25 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक अंशधारी किसानों से 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर मक्का खरीदी जाएगी। सप्ताह में 5 दिन सोमवार से शुक्रवार होगी खरीदी – खरीदी केवल सोमवार से शुक्रवार तक कारखाना स्थल कोकड़ी में ही की जाएगी। शनिवार–रविवार को अवकाश रहेगा। मक्का बेचने के लिए ऑनलाइन टोकन आज से शुरू हो गया है। टोकन निम्नलिखित 8 लैम्प्स केंद्रों से सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं दहीकोंगा माकड़ी, अमरावती, फरसगांव, बड़ेडोंगर, केशकाल, धनोरा, बड़ेराजपुर, सलना। किसानों को टोकन प्राप्त करने के लिए निम्न दस्तावेजों की छायाप्रति साथ लाना जरूरी है ऋण पुस्तिका, शेयर सर्टिफिकेट या शेयर खरीदी की पावती, आधार कार्ड, बैंक पासबुक।

## रेमावंड से मोड़ेंगा तक सड़क, पुल-पुलिया के लिए 5.30 करोड़ मिले

**नारायणपुर।** नारायणपुर जिले के सुदूर अंचल में बसे ग्राम रेमावंड से मोड़ेंगा के बीच अब ग्रामीणों को



पक्की सड़क की सौगात मिलने जा रही है। वर्षों से कच्चे रास्तों पर सफर करने की विवशता झेल रहे ग्रामीणों के लिए यह खबर किसी वरदान से कम नहीं है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस मार्ग के लिए 5 करोड़ 30 लाख 97 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सड़क 4.69 किमी लंबी होगी, जिसमें पुल-पुलियों का निर्माण भी शामिल है। निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। यह संपूर्ण परियोजना छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं नारायणपुर विधायक केदार कश्यप के सतत प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के आधारभूत विकास को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। केदार कश्यप ने कहा यह सड़क ग्रामीण जनता के लिए केवल संपर्क मार्ग नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार से जुड़ने का नया रास्ता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व व सुशासन से आज नारायणपुर विकास की नई परिभाषा लिख रहा है। यह सड़क निर्माण न सिर्फ आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि आपातकालीन स्थितियों, कृषि कार्यों व जनसुविधाओं की आसान उपलब्धता में भी मील का पत्थर साबित होगा। इस परियोजना से न केवल हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व विधायक केदार कश्यप के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## परिजनों से मिले विधायक मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**फरसगांव।** एनएच-30 टोल प्लाज़ा के पास गत दिवस हुई भीषण सड़क दुर्घटना में बड़ेडोंगर–भैंसाबेड़ा के पाँच लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। सोमवार को केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने बड़ेडोगर भैंसाबेड़ा मृतकों के घर पहुंचे, जहां उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों से मुलाकात की विधायक श्री टेकाम ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा उपलब्ध आकस्मिक सहायता राशि शीघ्र परिवारों तक पहुँचाने कहा, ताकि पीड़ित परिवारों को इस कठिन समय में हर संभव मदद मिल सके। विधायक ने कहा कि उनकी संवेदनाएँ और सहयोग हमेशा पीड़ित परिवारों के साथ हैं, और राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, बड़ेडोगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सलाम, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**आयोजन : जिले के अंतिम छोर कोरमेल में पोषण अभियान में कराया गया भोज**

# कलेक्टर ने बच्चों को अपने हाथों से परोसा न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

विकासखंड कोण्डागांव के सुदूर ग्राम कोरमेल की प्राथमिक शाला में राज्य शासन के पोषण अभियान के तहत न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला मिशन समन्वयक ईमल बघेल के जन्मदिन के अवसर पर रखा गया था। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने स्वयं बच्चों की पंक्तियों में जाकर फल, खीर–पूरी परोसी और हर बच्चे से प्यार भरे अंदाज में पढ़ाई, मध्यान्ह भोजन व नियमित स्कूल आने की जानकारी ली। उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार से बच्चे, अभिभावक और ग्रामीण बेहद प्रसन्न दिखे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्राथमिक शाला की खस्ताहाल छत देखी और संकुल समन्वयक को तुरंत मरम्मत प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के बाद कलेक्टर ने ग्राम पंचायत में चल रहे एस.आर.आर. कार्यों और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया तथा सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



### सरपंच, पंच, अभिभावक और अधिकारी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती सनमति कश्यप, उपसरपंच दिनूराम कश्यप, श्रीमती सुकटी कश्यप, तहसीलदार मर्दापाल विजय प्रताप सिंह, एपीसी महेन्द्र कुमार सागर, बीआरपी अशोक कुमार साहू, संकुल प्राचार्य नीलम सिंह ठाकुर, पटवारी घनश्याम कश्यप, संकुल समन्वयक राजमन कश्यप सहित कधुर और खड़पड़ी संकुल के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने केशकाल में किया छात्रावासों व विद्यालयों का औचक निरीक्षण



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने केशकाल विकासखंड के ग्राम खालेमूरवेंड में नवनिर्मित प्री–मैट्रिक बालक एवं कन्या छात्रावास का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कंप्यूटर कक्ष, डाइनिंग रूम में फर्नीचर, शेड निर्माण सहित अन्य सुविधाएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। छात्रवास को आदर्श बनाने के लिए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने को कहा। सेजेस विद्यालय खालेमूरवेंड पहुंचकर कलेक्टर ने बच्चों से पढ़ाई को लेकर सवाल–जवाब किए। सही उत्तर देने वाले छात्र को प्रोत्साहन स्वरूप अपना पेन भेंट किया और सभी बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। स्मार्ट क्लास व कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए शिक्षकों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर शिक्षा देने के सख्त निर्देश दिए।

**कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालय में छात्राओं से की मुलाकात :** केशकाल स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कलेक्टर ने छात्रओं से पढ़ाई–लिखाई और सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। निर्माणाधीन नए छात्रवास भवन का जायजा लिया और निर्माण एजेंसी को शेष कार्य तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए।

### सभी संस्थानों में स्टडी रूम, खेल मैदान व अन्य मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य करने के आदेश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी छात्रवासों एवं विद्यालयों में कंप्यूटर रूम, स्टडी रूम, डाइनिंग रूम और खेलकूद की व्यवस्था को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी कमियां तत्काल दूर करने और बच्चों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के लिए लगातार मॉनिटरिंग करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम केशकाल आकांक्षा नायक, तहसीलदार गणेश सिदार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने विधानसभा क्षेत्र–84 नारायणपुर आंशिक के दूरस्थ ग्राम कोरमेल में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य का सघन निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद बीएलओ से कार्य की प्रगति जानी और समय–सीमा में त्रुटिरहित सत्यापन तथा 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए। श्रीमती पन्ना ने ग्रामवासियों से एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करने और अपने नाम, पता एवं अन्य विवरण सही कराने की अपील की ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे। ज्ञात हो कि निर्वाचक नामावली को पूरी तरह अद्यतन, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 4 दिसंबर 2025 तक जिले भर में चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार मर्दापाल विजय प्रताप सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी बीएलओ को गुणवत्ता के साथ तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

# अबूझमाड़ के ओरछा में खुलेगा तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र : वन मंत्री



**नारायणपुर।** अबूझमाड़ के दूरस्थ और प्राकृतिक संपदा से समृद्ध क्षेत्र ओरछा में विकास की एक नई सुबह शुरू होने जा रही है। जिले के वन मंत्री एवं स्थानीय विधायक केदार कश्यप अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान ओरछा पहुंचे, जहाँ उन्होंने सैकड़ों विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा की कि ओरछा में तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र की स्थापना की जाएगी। यह केंद्र सिर्फ वन संपदा को संरक्षित करने का माध्यम नहीं होगा, बल्कि यह बस्तर की पारंपरिक तेंदूपत्ता संग्रहण प्रक्रिया, सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा।

### तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्रः संस्कृति, अर्थव्यवस्था और आधुनिकता का संगम

केदार कश्यप ने बताया कि प्रस्तावित तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र अबूझमाड़ की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करेगा। यहाँ तेंदूपत्ता की पारंपरिक पद्धति, वनवासियों का जीवन, स्थानीय इतिहास और वन आधारित आजीविका की प्रक्रिया को संग्रहित और संरक्षित किया जाएगा। यह केंद्र स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास का नया मंच बनेगा। इससे क्षेत्र की वनाधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही सम्मानजनक नौकरी के अवसर प्राप्त होंगे।

### सैकड़ों विकास कार्यों का भूमि पूजन और शिलान्यास

इस दौरान मंत्री केदार कश्यप ने ओरछा और आसपास के क्षेत्रों में सड़क, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा, बिजली, आंगनबाड़ी केंद्र, पुल-पुलिया तथा सामुदायिक भवनों सहित कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जनता की आवश्यकताओं को समझते हुए योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके अनुसार नारायणपुर जिला विकास की गति को पहले से कहीं अधिक तेजी से आगे बढ़ा रहा है, जहाँ योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुँच रहा है।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना पर होगा फोकस

केदार कश्यप ने स्पष्ट किया कि सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि गांवों तक सड़क और पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। वन अधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए तेंदूपत्ता समिति का गठन एक बड़ा कदम है, जो भविष्य में स्थानीय परिवारों की आय का स्थायी स्त्रोत बनेगा।

### लखपति दीदी योजना की समीक्षा प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

अपने प्रवास के दौरान मंत्री ने लखपति दीदी योजना की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक स्व-सहायता समूहों तक पहुंचाया जाए और इसके कार्यान्वयन में पारदर्शिता और तेजी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है और इसे मिशन मोड में लागू किया जाना चाहिए।

## दो सॉ मिलों पर कार्रवाई वन विभाग ने किया सील

**कोण्डागांव।** कोंडागांव वनमंडल अंतर्गत संचालित जोगेन्दर सॉ मिल एवं शारदा विजय सॉ मिल पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। यह कार्रवाई राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल की उपस्थिति में की गई। उड़नदस्ता दल को शिकायत मिली थी कि दोनों सॉ मिलों का संचालन बिना वैध उत्तराधिकारी के किया जा रहा है। शिकायत की पुष्टि के बाद मौके पर जांच की गई। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी कोंडागांव चूणामणी सिंह भावसे के निर्देश पर एवं संयुक्त वनमंडलाधिकारी आशीष कोट्रीवार के मार्गदर्शन में की गई। अधिनियम 1984 की धाराओं के तहत सील दोनों सॉ मिलों को छत्तीसगढ़ काष्ठ चिरान विनियमन अधिनियम 1984 की धारा 8, 9 एवं 10 के तहत आगामी आदेश तक सील कर दिया गया है।



# केशकाल में नई औद्योगिक नीति 2024–30 को लेकर हुई कार्यशाला

**कोण्डागांव।** केशकाल नगर पंचायत में 22 नवंबर को छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2024–30 के प्रचार–प्रसार के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी की विशेष उपस्थिति में सैकड़ों व्यापारी, उद्यमी और महिला समूह शामिल हुए।

कार्यशाला में बताया गया कि नई नीति में स्थायी पूंजी निवेश पर 40–50 % तक अनुदान और ब्याज पर 45–55% तक सब्सिडी दी जा रही है। स्टाम्प ड्यूटी में पूर्ण छूट और अधोसंरचना लागत पर भी भारी अनुदान का प्रावधान है। नीति में पहली बार वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज, सीबीएसई स्कूल, निजी अस्पताल, रिसॉर्ट–होटल, ऑटोमोबाइल, ट्रैक्टर–ट्रॉली, प्रिंटिंग प्रेस और मिनी राइस मिल जैसे सेवा एवं भंडारण क्षेत्रें को भी उद्योग का दर्जा दिया गया है। महाप्रबंधक कुसुमलता नेताम ने सरल भाषा में नीति के सभी प्रावधान समझाए और उद्यमियों से नए उद्योग लगाने एवं मौजूदा इकाइयों के विस्तार के लिए आवेदन करने की अपील की।



**राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष ने रखीं क्षेत्र की मांगें :** राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेश कटारिया ने औद्योगिक क्षेत्र की बिजली, पानी, सड़क और सुरक्षा संबंधी समस्याएं रखीं, जिन्हें तुरंत दूर करने का आश्वासन दिया गया।

**महिला उद्यमियों ने भी लिया सक्रिय हिस्सा :** कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिला स्व–सहायता समूहों की सदस्याएं शामिल हुईं और छोटे–मध्यम उद्योग लगाने में रुचि दिखाई। कार्यशाला के अंत में उपस्थित उद्यमियों ने नई औद्योगिक नीति को केशकाल क्षेत्र के लिए गेम चेंजर बताया और शासन के इस कदम की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

## सरदार पटेल की जयंती पर चिखलपुटी से पलारी तक निकाली गई भव्य 'यूनिटी मार्च'

**कोण्डागांव।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर जिला प्रशासन कोंडागांव द्वारा रविवार को चिखलपुटी से पलारी तक 10 किलोमीटर की विशाल यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु घासीदास बाबा के छायाचित्र की पूजा–अर्चना से हुई।



मार्च में उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, सामाजिक संगठन, युवा एवं नागरिक शामिल हुए। मुख्य रूप से बस्तर सांसद महेश कश्यप और कोंडागांव विधायक एवं बीवीपी उपाध्यक्ष लता उसेंडी उपस्थित रहीं।

**सांसद महेश कश्यप 2025 गौरव और इतिहास का प्रतीक वर्ष :** सांसद श्री कश्यप ने कहा कि वर्ष 2025 भारत के लिए ऐतिहासिक वर्ष है सरदार पटेल, भगवान बिरसा मुंडा, राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण रजत जयंती वर्ष। उन्होंने सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों के विलय को विश्व का अद्वितीय राजनीतिक कौशल बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 हटना, सरदार पटेल के सपने एक भारत एक विधान" की ऐतिहासिक पूर्ति है।

**राष्ट्र निर्माण हर नागरिक की जिम्मेदारी :** उन्होंने कहा कि राष्ट्र की मजबूती केवल सरकार नहीं, हर नागरिक का कर्तव्य है। एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति ही देश को अजेय बनाते हैं। उन्होंने युवाओं को सरदार पटेल के आदशोंर् को जीवन में उतारने की अपील की। विधायक लता उसेंडी 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास की अनूठी उपलब्धि सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि सरदार पटेल का राष्ट्र निर्माण कार्य असाधारण था। उन्होंने कश्मीर के भारत में विलय की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए पटेल की दूरदर्शिता को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करना आदिवासी समाज के लिए गर्व का विषय है।

**पलारी में हुआ स्वागत, पौधारोपण भी हुआ :** पद यात्रा के अंतिम पड़ाव ग्राम पलारी में बिहान समूह की महिलाओं तथा एनएसएस टीम द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मंदिर प्रांगण में पौधरोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति मार्च में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्राख, पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, खेल अधिकारी सुधा कुमार तथा अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण।

**पुरस्कार वितरण में विधायक नीलकंठ टेकाम सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

# क्रिकेट स्पर्धा में कांकेर की टीम बनी विजेता

**फरसगांव/विश्रामपुरी।** कोण्डागांव जिले के विश्रामपूरी में आयोजित एमएलए ट्राफी ऑल इंडिया ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। अंतिम मैच नागपुर (महाराष्ट्र) और कांकेर (छत्तीसगढ़) के बीच खेल गया जिसमें कांकेर की टीम ने जीत हासिल किया।

विजेता टीम कांकेर को प्रथम पुरूस्कार 2 लाख और ट्राफी, उपविजेता टीम नागपूर को 1 लाख और ट्राफी दिया गया, साथ ही बेस्ट बैट्समैन, बॉलर, विकट कीपर, फिल्डर, कैच, व अन्य पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ली थी जिसमें लखनऊ, पुण>, नागपुर की 2 टीम, रायपुर की 2 टीम उड़ीसा की 01 टीम, केशकाल की 03 टीम, भवानीपटनम, कांकेर, जगदलपुर, बिलासपुर आने के स्थानीय विश्रामपुरी, की टीम भी शामिल रहे। इस प्रतियोगिता को देखने छग के साथ अन्य राज्य के दर्शक बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे।




ऑल इंडिया ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए समिति के छोटे से लेकर बड़े सभी ने, ग्रामीणों ने, स्कूल के बच्चों ने अपना सहयोग दिया। समिति के गौरव, विवेक भाई, नेमीचंद, रवींद्र पांडे, किशन ध्रुव, मनोज कुशवाहा, हेमंत साहू, अनीश भाई, विनय सर, संजय नेताम (आमाडीही), जफर भाई, हितेश, शत्रु (बवानपुरी)और मीडिया से शेष नारायण, ताराचंद सेठिया, प्रकाश नाग, इन सभी ने किसी ना किसी तरीके से अपना बहुमूल्य समय दिया और समिति से जुड़े रहे।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर केशकाल विद्यायक नीलकंठ टेकाम,राज्य पिछड़ा आयोग सदस्य किशनलाल पाण्डे,भाजपा जिला उपाध्यक्ष आकाश मेहता, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष-अंजोरी राम नेताम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिता नेताम, गीतेश पांडे, महादेव मोटर्स,संचालक,भाजपा मंडल अध्यक्ष मंन्नाराम मरकाम, प्रशांत पात्र नगरपंचायत अध्यक्ष फरसगांव, वीरेंद्र बघेल युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, भूपेश चंद्राकर पार्षद केशकाल, सुरेंद्र मरकाम,जीवनदास मानिकपुरी महामंत्री, लखन नेताम, दुखाराम मरकाम सरपंच विश्रामपुरी (ब) पुष्पा चादेकर, छत्तीसगढ़ गौरव शार्दुल छत्तीसगढ भाजपा युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य, क्रिकेट संघ कोषाध्यक्ष के साथ समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष गणमान्य नागरिक कर्मचारी अधिकारियों के साथ पुलिस प्रशासन का अच्छा तालमेल रहा। इस कार्यक्रम के फाइनल मैच में एंजिला व वीरेंद्र दीवान ने शानदार कोमेंट्री किया।

## विकास नगर स्टेडियम में पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा नगर की स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 23 नवंबर, रविवार को विकास नगर स्टेडियम में व्यापक सफाई अभियान संचालित किया गया। यह अभियान मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। परिषद के पूर्व सैनिकों तथा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे करीब 90 युवक एवं युवतियों ने अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लिया।



प्रतिभागियों द्वारा स्टेडियम परिसर के अंदर और बाहर झाडू लगाकर समुचित साफ–सफाई की गई। साथ ही, परिसर में उगी जंगली घासों की कटाई कर मैदान को स्वच्छ और उपयोगी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अभियान के पश्चात प्रतिभागियों ने स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न नारों का उद्घोष किया स्वच्छता मिशन में मेरी भागीदारी मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारी-स्वच्छ भारत, सुंदर भारत स्वच्छ कोंडागांव, सुंदर कोंडागांव इन नारों ने कार्यक्रम को जनसहभागिता और जागरूकता से भर दिया। अभियान में परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे सुब्रत साहा, संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सोमेश्वर भारती, कोषाध्यक्ष इनकी उपस्थिति ने अभियान को ऊर्जा और दिशा प्रदान की।

## खबर संक्षेप

### जल आयाम जल संवर्धन के जिला प्रमुख नियुक्त



**बस्तर।** भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला बस्तर के अध्यक्ष निल कुमार बघेल के अनुशंसा से भारतीय किसान संघ जिला बस्तर में अनिल जैसवाल को जल आयाम, जल संवर्धन के जिला बस्तर प्रमुख नियुक्त किया गया है।

### बेसरा बने जिला महामंत्री



बकावण्ड। ग्राम पंचायत बकावण्ड के वरिष्ठ भाजपा नेता परिश बेसरा को भारतीय जनता पार्टी जिला बस्तर का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया।

### मितानिनों के योगदान को किया सम्मानित



**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर में रविवार को मितानिन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने नगर के विभिन्न वार्डों में कार्यरत 18 मितानिनों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे, उपाध्यक्ष अनिल परिहार, पार्षद नरसिंह नागेश सहित सीएमओ तरुण पाल लहरे एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उन्होंने मितानिनों के कार्यों की सराहना की। इस दौरान पार्षद और बड़ी संख्या में मितानिन मौजूद रहीं। कार्यक्रम में मितानिनों के योगदान को सम्मानित किया गया और उनके कार्यों को सराहा गया।

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने डिजिटाइजेशन कार्य का किया निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी दंतेवाड़ा द्वारा आज कासोली, मुंडेर, गीदम और गुमड़ा क्षेत्रों का दौरा कर बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना पत्रक के कलेक्शन और डिजिटाइजेशन कार्य का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ से गृह-गणना से संबंधित प्रपत्रों की शत-प्रतिशत संग्रहित जानकारी, डेटा की शुद्धता और समय सीमा में डिजिटाइज्ड एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि गणना पत्रकों का सही व सटीक डिजिटाइजेशन आगामी निर्वाचन कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए प्रत्येक बीएलओ समय पर कार्य पूर्ण करें। उन्होंने क्षेत्रवार प्रगति की समीक्षा करते हुए जहां भी कार्य धीमा पाया गया वहां गति लाने और नियमित मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए।

## निधन

### सतपाल शर्मा



**जगदलपुर।** शहर के कुम्हारपारा निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं बस्तर परिवहन संघ के पूर्व पदाधिकारी टिंबर व्यवसायी सतपाल शर्मा (75) का सोमवार को निधन हो गया। वे बहुत ही मिलनसार, सहज, सरल, कर्मठ, जुझारू, संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी थे। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे, गुड़ग्राम में अपने छोटे पुत्र के साथ थे,वही अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे 2 पुत्र 1 पुत्री समेत नाती-पोतों से भरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंत्येष्टि 26 नवंबर को शहर के पनारापारा खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में की जाएगी।

# स्कूल की आदर्श ग्राम सभा में बच्चे पंच-सरपंच व सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम




ग्राम पंचायतों के जरिए जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को जानने-समझने के लिए पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर

- मॉडल ग्राम सभा के जरिए समझा पंचायतीराज

में अनूठा आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के मंच पर आदर्श ग्राम सभा का मंचन बच्चों ने किया। लोकतंत्र की प्रथम सीढ़ी पंचायती राज व्यवस्था को समझने के लिए भारत सरकार के पंचायतीराज मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को ग्राम पंचायतों के क्रियाकलाप से अवगत कराया गया। ग्राम विकास के प्रस्ताव कैसे पारित किए जाते हैं, प्रस्ताव पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत, कोरम पूर्ति, पंचायत के आय-व्यय जैसी अवधारणाओं को बच्चों ने व्यवहारिक तौर पर समझा। सरपंच की भूमिका राजकुमार नेताम ने निभाई। वहीं पंचायत सचिव की भूमिका अंशिका ठाकुर, वार्ड मेंबर की भूमिका में सिद्धार्थ यादव, पारुल मानिकपुरी, लोमेश, जानू, ग्रामीण की भूमिका में लेखा ठाकुर व अन्य छात्र-छात्रायें नजर आए। विद्यालय के शिक्षक गुरुदेव सिंह व आकाश कुमार के निर्देशन में बच्चों ने ग्राम सभा का मंचन किया। विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि बच्चों को शुरुआती जीवन से ही लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। पूर्व में युवा संसद का आयोजन कर संसदीय परंपरा से बच्चों को अवगत कराया गया था।

### ये प्रस्ताव रखे गए

ग्राम सभा में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, रोजगार सहायक, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, हेड मास्टर की भूमिका भी बच्चों ने निभाई। आदर्श ग्राम सभा में वृद्धावस्था पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेल्फ डिफेंस, स्वच्छता अभियान के तहत शौचालय निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व सभी छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

# धान खरीदी छत्तीसगढ़ का महापर्व किसानों के सम्मान का उत्सव : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर





वन मंत्री तथा बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने अपने बीजापुर प्रवास के दौरान आज धान उपार्जन केंद्र तुरनार पहुंचकर जिले के अन्नदाताओं से भेंट की। खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पूरे प्रदेश में सुचारू रूप से जारी है। बीजापुर जिले में भी यह प्रक्रिया प्रभावी व्यवस्था के साथ संचालित की जा रही है।

- धान उपार्जन केंद्र तुरनार में किसानों का तिलक एवं पुष्प गुच्छ से किया सम्मान

प्रभारी मंत्री कश्यप ने धान बेचने पहुंचे किसानों का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से हुई। किसानों को संबोधित करते हुए वन मंत्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन धान खरीदी को एक महापर्व और उत्सव के रूप में मना रहा है, जिससे किसानों में उत्साह और उमंग का वातावरण बना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, इसी उद्देश्य से 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी सीमा निर्धारित की गई है।

उन्होंने कहा सरकार किसानों के पसीने की कीमत जानती है। आपकी उपज का एक-एक दाना खरीदा जाएगा और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जाएगा। पिछले वर्ष भी रिकॉर्ड खरीदी हुई थी और इस वर्ष उससे अधिक धान खरीदा जाएगा। मंत्री कश्यप का यह दौरा किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का स्पष्ट संदेश देता है और जिले में धान खरीदी व्यवस्था को और मजबूती प्रदान करता है।

### धान उपार्जन की व्यवस्थाएं हुई मजबूत

वन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि धान खरीदी को सुचारू रखने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। जिसमें बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता, धान राशि का त्वरित अंतरण, उपार्जन केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं, टोकन तुहर हाथ मोबाइल ऐप से किसानों द्वारा स्वयं टोकन काटने की सुविधा, माइक्रो एटीएम द्वारा नगद निकासी की व्यवस्था से किसानों को अवगत कराते हुए कहा कि इन सभी उपायों से धान उपार्जन प्रक्रिया और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनी है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले में धान उपार्जन संबंधी तैयारियों की विस्तृत जानकारी मंत्री को दी। जिला खाद्य अधिकारी ने जिले में खरीदी की प्रगति एवं व्यवस्था का प्रस्तुतिकरण किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, उपाध्यक्ष पेरे पुलैय्या, जी. वेंकट, घासी राम नाग, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णन, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, उपनिदेशक इंद्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाएं : विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

विधायक लखेश्वर बघेल ने जैतगिरी मंडल के अंतर्गत आने वाले मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक लेकर सभी नवनियुक्त

- संगठन के विस्तार व मजबूत भागीदारी पर चर्चा

पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने पार्टी की रीति-नीति और संगठनात्मक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया।

बैठक में विधायक बघेल ने विभिन्न ग्राम पंचायतों के बूथ स्तर तक की जानकारी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर निर्भर करती है इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाएं। वर्तमान में चल रहे एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए बताया कि मंडल के कई कार्यकर्ताओं को बीएलए के रूप में चयनित किया गया है।

उन्होंने निर्देशित किया कि वे एसआईआर फॉर्म भरते समय सटीक जानकारी दर्ज करें। आमजन को इस प्रक्रिया में सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के विस्तार, बूथ स्तरीय मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

# एसआईआर प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा ने सम्मानित किया।

निर्वाचन कार्य की गति और गुणवत्ता को सुनिश्चित करते हुए इन बीएलओ ने निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ में सोन्ता इस्तारी, मनोज कुमार कोड़े, जव्वा साम्बैया, सेलम कुम्मर, हेमलाल रावटे, राजेन्द्र एट्टी और गोट्टा सदानंदम शामिल थे। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ निर्वाचन प्रक्रिया की नींव हैं। उनके परिश्रम से मतदाता सूची अधिक सटीक और विश्वसनीय बनती है। उन्होंने अन्य बीएलओ को भी प्रेरणा लेते हुए पुनरीक्षण कार्य में पूर्ण समर्पण और जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा कराने के लिए नियमित रूप से समीक्षा और मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

# छात्रों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण विषयों पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा




एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दंतेवाड़ा ने मॉडल यूथ ग्राम सभा कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में

- एकलव्य आदर्श विद्यालय में मॉडल यूथ ग्राम सभा का आयोजन

लोकतांत्रिक मूल्यों, स्थानीय शासन व्यवस्था की समझ तथा ग्रामीण प्रशासन में युवाओं की सहभागिता को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामूराम नेताम, विशिष्ट अतिथि मनीराम भोगामी सरपंच ग्राम पंचायत टेकनार एवं सरवन कड़ती पार्षद हुड़को कॉलोनी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में ग्राम सभा के महत्व, युवाओं की भूमिका तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की जिम्मेदारी पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। उन्होंने छात्रों को जागरूक, उत्तरदायी एवं सक्रिय नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

विद्यालय प्रशासन के सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एकलव्य विद्यालय दके प्राचार्य डॉ दीपक कुमार के नेतृत्व में सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

उन्होंने छात्रों को ऐसे आयोजनों के माध्यम से सीखने वाले नेतृत्व कौशल और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की उपयोगिता के बारे में महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। मॉडल यूथ ग्राम सभा के दौरान छात्रों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण एवं सामुदायिक विकास जैसे विभिन्न विषयों पर मुद्दे प्रस्तुत किए। छात्रों ने समितियों का गठन करके चर्चा, वाद-विवाद और समाधान प्रस्तुत करने की प्रक्रिया अपनाई। इस गतिविधि से छात्रों में तर्क क्षमता, प्रस्तुति कौशल और समूह में कार्य करने की क्षमता का विकास हुआ।

अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम छात्रों को लोकतांत्रिक प्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना को पूर्ण रूप से सिद्ध किया। ऐसे आयोजन से छात्र भविष्य में एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।

# भारत के विकास में महिलाओं के योगदान पर विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में सप्त शक्ति संगम महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नारी शक्ति के प्रकृटी कारण भारत के विकास में महिलाओं का योगदान के स्मरण एवं मातृ देवो भव पर विचार विमर्श करने हेतु कार्यक्रम रखा गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामवती भंडारी अध्यक्ष जनपद पंचायत तोकापाल, अध्यक्षता दयावती वर्मा संयोजिका एवं समाज सेविका, विशिष्ट अतिथि पद्मिनी कश्यप अध्यक्ष जिला पंचायत, विशिष्ट अतिथि मीरा नाग शिक्षिका शासकीय विद्यालय तोकापाल, प्रधान आचार्या सुनीता पानी सरस्वती शिशु मंदिर तोकापाल एवं विद्यालय के समस्त आचार्य दीदी कार्यक्रम का संचालन कर रही थी। कुमारी महिमा पाणी पूर्व छात्रा सरस्वती शिशु मंदिर तोकापाल को सम्मानित किया गया। अतिथियों के द्वारा सरस्वती माता की चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलित करने के बाद अतिथियों को तिलक वंदन श्रीफल और अंग वस्त्र के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में माताये एवं बहनों के लिए प्रश्न उत्तरीय कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और जो विजेता रहे उनको विद्यालय के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया एवं उन माताएं और बहनें जो अपना जीवन चुनौती पूर्ण संघर्ष से लड़ कर आज ऊँचे स्थान पर है उनको विद्यालय की तरफ से पुरस्कृत किया गया एवं उनकी अनुभव को साझा किया गया।

# डिजिटलाइजेशन में बीएलओ का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा





भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता सूची के डिजिटलाइजेशन कार्य के अन्तर्गत मोकपाल-2 के मतदान केंद्र क्रमांक 213 और किडरीरास में शत-प्रतिशत एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण की गई है। इस क्रम में ग्राम मोकपाल-2 के बीएलओ प्रदीप कुमार क्षीरसागर और किडरीरास के बीएलओ हूंगा राम कुंजाम और भैरमबंद के बीएलओ सुशोमन दास द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में एसआईआर प्रक्रिया का 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन पूरा कर एक मिसाल कायम किया है। इनके उल्लेखनीय कार्य हेतु कलेक्टर कुणाल दूदावत ने आज उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मालूम हो कि ग्राम मोकपाल में मतदाता की संख्या 541 और किडरीरास में 74 साथ ही भैरमबंद में 253 दर्ज है।

बीएलओ बताते है कि इन ग्रामों के दुर्गम क्षेत्रों में डिजिटलाइजेशन कार्य कई चुनौतियों से भरा रहा। यहां कई परिवारों के दस्तावेज अधूरे थे जिससे पुनः सत्यापन की आवश्यकता पड़ती थी। इसके साथ ही मतदाताओं की डिजिटल प्रक्रियाओं के प्रति जागरूकता कम होने से बीएलओ को घर-घर जाकर समझाइश देना पड़ता था। कुछ संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा की स्थिति भी एक बड़ी चुनौती रही।

# व्यावसायिक विजन को अमलीजामा पहनाने जुनून के साथ जुटें युवा : अटामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा




जिला प्रशासन एवं जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज के तत्वाधान में आयोजित दंतेवाड़ा स्टार्टअप हंट 2025 में जिले के युवा उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने इनोवेटिव बिजनेस मॉडलों को प्रस्तुत किया। ज्ञातव्य है कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्किल से स्टार्टअप की दिशा में प्रेरित करना और स्थानीय नवाचार को पहचान देना है।

कार्यक्रम में पहुंचे विधायक चैतराम अटामी ने युवाओं की पहल की सराहना करते हुए कहा कि दंतेवाड़ा के युवा अब सिर्फ जिला ही नहीं बल्कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने नवाचार से पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप हंट जैसे आयोजन युवाओं को मंच देने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रयास ग्रामीण युवाओं को भी बराबरी का अवसर देते हैं। उन्होंने जिले के युवाओं के बढ़ते उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि आने वाले समय में दंतेवाड़ा नवाचार का केंद्र बनने की क्षमता रखता है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कार्यक्रम में युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे अपने विचारों को जमीन पर उतारने के लिए प्रशासन की उपलब्ध योजनाओं और तकनीकी सहायता का लाभ उठाएं। कलेक्टर ने यह भी बताया कि जिले में नवाचार, उद्यमिता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें पहले से सफलतापूर्वक चल रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि बिजनेस प्लान के लिए जिला प्रशासन पूरी सहयोग करेंगा और नए स्टार्टअप के लिए लोन भी उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा दिए जाने वाले अनुदान के अलावा नये स्टार्टअप में उद्यमियों को स्वयं का न्यूनतम आर्थिक निवेश भी किया जाना उनके लिए लाभप्रद होगा क्योंकि इससे उन्हें अपने उद्यम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रेरणा और कारक सिद्ध होगा।

जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता हो या व्यवसाय, युवा एक-दूसरे की मदद करना सीखें। सहयोग की भावना ही उन्हें आगे बढ़ने और अपने स्टार्टअप को विकसित करने में सबसे बड़ा आधार देगी। उन्होंने युवाओं की टीम वर्क और उत्साह की विशेष प्रशंसा की। इस दौरान नए उद्यमियों ने अपने नवाचार स्टार्टअप की भावी योजनाओं का लेखा जोखा एवं अनुभव साझा किए और अपने बिजनेस प्लान के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से बताया। इनमें आशिष मांझी द्वारा डिजिटल सेवा सर्विस प्रोवाइडर, रंगनाथन ने टूरिज्म फेसेलिटीज, राकेश यादव एजुकेशन एकेडमी, देवाशिश नोवाफोर्ज लैब, वंदना अचार बिजनेस, दीपक ठाकुर जामवती ट्रेडिशनल इंडियन फुड, शशी तेलाम ऐलोविरा फार्मिग, राहुल दास धमाका फिल्म एंड फोटो, शोभा साहू हेडमेड सोप, रोशन पाल इमली उत्पाद, विशाल हल्दर छिंद काफी, हिडमा तामो डेयरी प्रोडक्टस, अजीत हेल्थी फूड, हिमांशु साहू ड्राइ फ्लावर, अभिनव आदिवन्या द्वारा विस्तारपूर्वक अपने-अपने की स्टार्टअप की जानकारी दी गई।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 319/ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आयशा बिसाई पति स्व. संजीव बिसाई जाति सुण्डी ग्राम जैतगिरी तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पति स्व. संजीव बिसाई निवासी ग्राम जैतगिरी तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पति स्व. संजीव बिसाई पिता ईश्वर बिसाई ग्राम जैतगिरी का दिनांक 10/02/2023 को मृत्यु हुई है। आवेदक आयशा बिसाई पति स्व. संजीव बिसाई जाति सुण्डी ग्राम जैतगिरी तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पति स्व. संजीव बिसाई मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 26/11/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 12/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार भानपुरी जिला बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक / क / तह. / जन्म-मृत्यु / 2025
भानपुरी दिनांक, 17/11/2025

**// उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखदेव कश्यप पिता सुदुराम कश्यप जाति भतरा निवास ग्राम तुरपुरा तहसील भानपुरी के द्वारा अपने माता महान्गी पति स्व. सुदुराम की मृत्यु दिनांक 06/12/2019 को होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 02/12/2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा सहित जारी किया ।

मुहर

**तहसीलदार भानपुरी**

## खबर संक्षेप

### नशा के दुष्प्रभाओं के प्रति किया जागरूक

**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव बकावंड राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ग्राम उलनार में विशेष शिविर थीम नशा मुक्त भारत के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा सुबह जागरण, प्रार्थना, प्रभात फेरी, योग एवं पीटी के साथ सभी ने श्रमदान के रूप में साफ सफाई एवं नशा मुक्त अभियान अपने प्रयोजना कार्य एवं ग्राम संपर्क के माध्यम से किया । आईडीबीआई बैंक के सामने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूर्ति को धोकर उनकी सफाई की एवं मधुसूदन नेताम सरपंच एवं निर्मला कश्यप जनपद पंचायत सदस्य ने महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित किया एवं राष्ट्रगान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी राहुल सिंह ठाकुर, लोकेश निषाद एवं अन्य सेजेस करीतगांव स्टाफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक उपस्थित रहे। दोपहर 2 बजे बौद्धिक परिचर्चा में अर्पिता सिंह चौहान सेक्टर मेडिकल ऑफिसर, सौरभ गौड़ हेल्थ सुपरवाइजर, एच.आर.माली आरएचओ ग्राम उलनार एवं डेंसनाथ पाण्डेय एबीईओ, बकावंड ने स्वयंसेवकों को नशापान से हो रहे दुष्प्रभावों के बारे में बताया।

### संविधान दिवस को बनाया जाएगा जन-उत्सव

**जगदलपुर।** भारत के संविधान को अपनाए जाने की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आगामी 26 नवंबर को जिले भर में संविधान दिवस को एक व्यापक और स्मरणीय जन-उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। कलेक्टर हरिस एस. ने इस संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान विषय पर आधारित यह उत्सव पूरे एक साल तक चलेगा। इस महत्वपूर्ण दिवस के अवसर पर सभी जिलों में जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों का केंद्र बिंदु 22 भाषाओं में सामूहिक प्रस्तावना पाठ होगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि इस उत्सव में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए माईगोव डॉट इन पोर्टल पर ऑनलाइन संविधान दिवस गतिविधियों में हिस्सा लेने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

# सेवा और समर्पण के लिए बीसी सखी जमुना बघेल राज्य स्तर पर हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन संचालक अश्विनी देवांगन ने सोमवार को तोकापाल विकासखंड के ग्राम पोटानार की बीसी (बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट) सखी जमुना बघेल को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और अथक समर्पण के लिए रायपुर में सम्मानित किया। श्रीमती बघेल देउरगांव, पोटानार और रान सरगीपाल तीन ग्राम पंचायतों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं और इन क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन की सच्ची रीढ़ बन चुकी हैं। उन्हें पिछले पांच माह में सबसे अधिक बैंकिंग लेनदेन करने के लिए यह सम्मान मिला है। उन्होंने इस अवधि में 16 लाख 58 हजार 928 रुपए का लेनदेन किया है।

श्रीमती बघेल के कार्य का सबसे सराहनीय पहलू उनका मानवीय दृष्टिकोण है, जिसके तहत वह अपनी सेवाएं देने के लिए घर-घर जाती हैं, खासकर उन बीमार व्यक्तियों और बड़े बुजुर्गों के लिए जो चल-फिर नहीं सकते हैं। उनके इस समर्पण की पराकाष्ठा तब देखने को मिली जब कोरोना महामारी के चुनौतीपूर्ण दौर में भी उन्होंने अपनी सेवाएं कभी बंद नहीं कीं, यह दर्शाता है कि वह ग्रामीण समुदाय की सेवा के लिए कितनी प्रतिबद्ध हैं। मिशन संचालक द्वारा दिया गया यह सम्मान जमुना के अथक परिश्रम और सेवाभाव की एक उचित पहचान है।

जमुना ने बताया कि वह 2017 से बिहान समूह से जुड़ी है उन्होंने बीसी सखी के तौर पर काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि वह 2022 से यह कार्य कर रही है। पहले जमुना की आर्थिक स्थिति खस्ताहाल थी। वहीं बीसी सखी के तौर पर काम करते हुए औसतन 10 से 15 हजार रूपए कमीशन के तौर पर प्राप्त होता है। जब वह समूह से नहीं जुड़ी थी तब वह घरेलु कार्य करती थी और खेती-बाड़ी देखती थी।

### कोरोना काल में भी अपनी सेवाएं बंद नहीं कीं



#### ग्रामीणों के लिए चलता-फिरता बैंक

जमुना बघेल की सेवाएं केवल पारंपरिक बैंकिंग तक ही सीमित नहीं हैं वह ग्रामीणों के लिए एक चलता-फिरता बैंक हैं। वह पैसा निकासी, जमा करने और नए खाते खोलने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के अतिरिक्त पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, और श्रम कार्ड जैसी सरकारी योजनाओं से संबंधित दस्तावेजों को बनवाने में भी सक्रिय रूप से मदद करती हैं, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। बिलों के भुगतान को सरल बनाते हुए वह बिजली बिल, मोबाइल रिचार्ज, टीव्ही रिचार्ज, और मनी ट्रांसफर की सेवाएं भी प्रदान

## बस्तर यूनिटी मार्च बकावंड के करीतगांव से हुआ प्रारंभ

# वल्लभ भाई पटेल ने समूचे देश को एकता के सूत्र में पिरोया : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खेल एवं युवा कल्याण, विभाग द्वारा जिला बस्तर में एकता मार्च (यूनिटी मार्च)का आयोजन सोमवार को विकासखण्ड बकावंड के ग्राम पंचायत

- मालगांव, ईरिकपाल और जगदलपुर में विभिन्न कार्यक्रम

करीतगांव से प्रारंभ किया गया जिसका समापन टाउन क्लब के प्रागण में किया जाएगा। भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज बस्तर में यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद गृह मंत्री के रूप में 562 रियासतों को मिलाकर अखण्ड भारत बनाया और समूचे देश को एकता के सूत्र में पिरोया। देश के इस महापुरुष की 150 वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यूनिटी मार्च आयोजित करने का पहल किया गया है। जिससे उनके विचार एवं आदर्शों के सन्देश को जन-जन तक पहुंचाएं और सभी लोगों की सहभागिता सुनिश्चित किया जा सके। लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती समारोह के अवसर पर आत्म निर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने के साथ ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लें। उन्होंने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने रियासतों के एकीकरण के माध्यम से आधुनिक भारत की नींव मजबूत की। यूनिटी मार्च के जरिए उनके विचारों को आगे बढ़ाने और समाज में एकजुटता, सहयोग और भाईचारे का संदेश देने की अपील की गई।

मार्च की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल में हुई, जहां प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द और विकास के संकल्प के साथ कदम बढ़ाए। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार पटेल के राष्ट्रीय एकीकरण के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है ।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रभारी एवं अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी ने बताया कि एकता मार्च विकासखंड बकावंड के ग्राम पंचायत करीतगांव के मिनी स्टेडियम से प्रारंभ होकर मालगांव पहुंचेगा। मालगांव में मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाएगा, इसके उपरांत पदयात्रा ईरिकपाल पहुंचेगा। इसके बाद ईरिकपाल से रवाना होकर शहर से होते हुए दंतेश्वरी मंदिर के समीप रूद्र प्रताद देव टाउन क्लब प्रागण में सभा के रूप में समाप्त होगा।





#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप, बस्तर, तोकापाल, बकवंड जनपद पंचायत के अध्यक्ष व जिला पंचायत के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, जनप्रतिनिधि वेद प्रकाश पांडेय ने भी अपने विचार रखे ।

## प्रशिक्षण केंद्र से ग्रामीण बुनकर परिवारों को मिलेगा रोजगार



**बकावंड।** बस्तर विधानसभा के ग्रामीण कारीगरों के सशक्तिकरण एवं पारंपरिक हस्तशिल्प कला के संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की गई। ग्राम पंचायत जैतगिरी में समग्र हथकरघा विकास योजना अंतर्गत नवीन बुनकर समिति कर्मशाला भवन का लोकार्पण एवं नवीन बुनाई प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। लोकार्पण विधायक लखेश्वर बघेल, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप, जैतगिरी के सरपंच गोपाल कश्यप, जनपद सदस्य जशकेतन जोशी तथा उपसरपंच अंजली सिंह बैस ने किया। कार्यक्रम का संचालन ग्रामोद्योग विभाग एवं हाथकरघा दंतेश्वरी बुनकर सहकारी समिति मर्यादित ने किया। नवीन कर्मशाला एवं प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना से ग्रामीण बुनकर परिवारों को स्थायी रोजगार, आर्थिक मजबूती एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा अवसर प्राप्त होगा। यह कदम बस्तर की पारंपरिक बुनकरी कला और हस्तशिल्प पहचान को पुनर्जीवित कर देश–विदेश तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कश्यप ने कहा यह केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं बल्कि ग्रामीण कारीगरों के आत्मसम्मान, स्वावलंबन और आर्थिक उन्नति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकारी योजनाओं का असली लाभ तभी है जब वह सीधे गांव–गांव और तक पहुंचे तथा आज का यह कार्यक्रम उसी दिशा में मजबूत पहल है। उन्होंने कहा कि बस्तर के कारीगरों की मेहनत, हुनर और कला प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर हैं जिन्हें संरक्षण एवं बाज़ार विस्तार के माध्यम से बेहतर भविष्य, अधिक रोजगार और आर्थिक समृद्धि दिलाने की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने कार्यक्रम के लिए विधायक एवं विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मशाला और प्रशिक्षण केंद्र से स्थानीय युवाओं, महिलाओं और बुनकर परिवारों को स्थाई आमदनी और रोजगार उपलब्ध होगा।

# काव्य गोष्ठी में कवियों ने सरस गीत- गजलों से समां बांधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दशहरा पसरा परिसर में रविवार को नगर के साहित्यकारों द्वारा प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति बस्तर इकाई के पदाधिकारियों का गठन

- दशहरा पसरा परिसर में काव्य गोष्ठी और परिचर्चा का आयोजन

किया गया। काव्य गोष्ठी और परिचर्चा का आयोजन हुआ जो चार सत्र में सम्पन्न हुआ। काव्य गोष्ठी का मंच संचालन करते हुए चमेली नेताम सुवासिता ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इसके बाद कृष्ण शरण पटेल कृष्णा ने अकेले -अकेले चलकर ये जीवन बिता न सकोगे अपनी ग़ज़लों से तालियां बटोरी। ऋषि शर्मा ऋषि ने प्रेम पर गीत और ग़ज़ल पढ़ कर वाहवाही बटोरी। अवध किशोर शर्मा ने नव गीत अपने अंदाज में पढ़ खूब वाहवाही बटोरी। शैल दुबे ने छत्तीसगढ़ी में आलेरव कविता पढ़ कर समा बांध लिया। रामेश्वर प्रसाद चंद्रा ने छत्तीसगढ़ी में गीत जय गंगा पढ़ कर खूब तालियां बटोरी। शिरीष कुमार टिकरिहा ने दिन भर खेत में बूता करके छत्तीसगढ़ी कविता में समां बांध दिया। भरत कुमार गंगादित्य ने अपने सुमधुर आवाज़ में हल्बी और छत्तीसगढ़ी में गीत पढ़ कर तालियां बटोरी। दूसरे सत्र में पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें संरक्षक ऋषि शर्मा ऋषि, अवधकिशोर शर्मा, शैल दुबे, अध्यक्ष चमेली नेताम सुवासिता , उपाध्यक्ष भरत कुमार गंगादित्य, सचिव कृष्णशरण पटेल कृष्णा, सह सचिव रामेश्वर प्रसाद चंद्रा , कोषाध्यक्ष शिरीष कुमार टिकरिहा का चयनित हुए। इसी प्रकार तीसरे और चौथे सत्र में अन्य विषयों पर परिचर्चा सम्पन्न हुआ। शैल दुबे ने आभार प्रदर्शन किया।



# नवोदय विद्यालय में लोकतंत्र की पाठशाला में विद्यार्थियों ने ग्रामसभा का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नवोदय विद्यालय में भारत सरकार के निर्देशानुसार 'लोकतंत्र की पाठशाला' के अंतर्गत ग्राम सभा का विस्तृत मंचन आयोजित किया गया। विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने ग्रामीण समस्याओं,

- जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के सामने रखीं ग्रामीण समस्याएं
- शासन की योजनाओं व समाधान प्रक्रिया पर विद्यार्थियों ने समझ बढ़ाई

उनके निराकरण तथा जनप्रतिनिधि प्रशासन के समन्वय की प्रक्रिया को जीवंत तरीके से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में छात्रों ने जल,सड़क,स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता सहित अनेक मूलभूत समस्याओं को ग्रामीणों की भूमिका निभाते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों तक पहुँचाया तथा तत्काल समाधान के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं,उनके लाभ, पात्रता और क्रियान्वयन की प्रक्रिया का भी प्रभावी प्रदर्शन किया गया।

विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट मंचन ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों और मीडिया प्रतिनिधियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि नरसिंह राव,पार्षद एवं जिला उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी जिला बस्तर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे छात्र–जीवन में लोकतांत्रिक समझ का महत्वपूर्ण प्रयास बताया। विशिष्ट अतिथि पार्षद पूनम सिन्हा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नरेंद्र पांडे,रितेश सिंह, चपका की पंचगण सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवोदय विद्यालय की प्राचार्य मेहराब मैडम और शिक्षकों अवस्थी सर,जीके नाग सर,बेहरा सर, शुक्ला सर के मार्गदर्शन में हुआ। सैकड़ों विद्यार्थी कार्यक्रम में सहभागी बने। कार्यक्रम उपरांत विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों तथा अतिथियों के लिए सामूहिक भोजन की व्यवस्था की गई।

नवोदय विद्यालय में लोकतंत्र की पाठशाला छात्रों द्वारा ग्राम सभा का प्रभावी मंचन ग्रामीण समस्याओं,जनप्रतिनिधि प्रशासन संवाद और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की समझ पार्षद नरसिंह राव व पूनम सिन्हा हुए। सम्मिलित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों व शिक्षकों की सहभागिता कार्यक्रम के बाद सामूहिक भोजन हुआ।



## 26 नवंबर को संपन्न होगा इरुमुड़ी विधान,16 अक्टूबर से 41 दिवसीय मंडल दीक्षा में लीन उपासक

# भजन संध्या में झूमें अय्यप्पा स्वामी के उपासक, गूंजते रहे भक्ति गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

श्री अय्यप्पा स्वामी भक्त मंडली द्वारा रविवार को आयोजित भजन संध्या में भक्तिमय वातावरण देर रात तक उल्लासपूर्वक बना रहा। 16 अक्टूबर से 41 दिवसीय मंडल दीक्षा में लीन अय्यप्पा स्वामी के उपासक बालाजी मंदिर में आयोजित संगीतमय भक्ति कार्यक्रम में झूमते रहे। तेलंगाना के भद्राचलम से आए रामबाबु स्वामी एवं साथियों की भजन प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा।

दीक्षा ले रहे भक्तों ने भी स्वर-ताल में सहभागिता करते हुए पूरे परिसर को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। भजन संध्या में शहरवासी तथा बड़ी संख्या में उपासकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। गुरु स्वामी चप्पा श्रीनिवास राव, पिठाधिपति एसवीआरवी प्रसाद, गुरु स्वामी बीडीवी जगदीश सहित अनेक वरिष्ठ श्रद्धालुओं ने भजन गायकों के साथ स्वर मिलाकर माहौल को और भी पवित्र बना दिया। आरती उपरांत देर रात तक प्रसाद वितरण (भंडारा) का आयोजन चलता रहा।

रंग-बिरंगे फूलों और केले के तने से सजा भगवान अय्यप्पा का विशिष्ट मंडप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। सबरीमाला मंदिर की 18 सीढ़ियों के प्रतीक स्वरूप की गई विशेष सज्जा को देखने बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। दीक्षा ले रहे श्रद्धालुओं ने आंध्र प्रदेश के राजमहेंद्री से लाए गए पुष्पों और केले के तनों से स्वयं मंडप का आकर्षक श्रृंगार किया।

सबरीमाला की 18 सीढ़ियों को 5 इंद्रियों, 8 भावों, 3 गुणों तथा विद्या-अविद्या सहित 18 पुराणों व 18 देवताओं के प्रतीक स्वरूप माना जाता है, जिसकी झलक कार्यक्रम स्थल पर की गई सज्जा में स्पष्ट दिखाई दी।





#### बालाजी मंदिर परिसर में इरुमुड़ी की प्रक्रिया होगी प्रारंभ

दीक्षा का 41वां दिन 26 नवंबर को पूरा होगा,जिस दिन उपासक इरुमुड़ी विधान संपन्न कर सबरीमाला यात्रा के लिए रवाना होंगे। आंध्र समाज के अध्यक्ष एम जयंत नायडू ने बताया कि बुधवार सुबह 10 बजे से बालाजी मंदिर परिसर में इरुमुड़ी की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। पूजा-अर्चना व प्रसाद वितरण पश्चात संध्या 6 बजे उपासक पैदल माँ दंतेश्वरी मंदिर तक पहुंचेंगे, जहाँ से बस द्वारा सबरीमाला के लिए प्रस्थान करेंगे। अय्यप्पा भजन संध्या में आधी रात तक गूंजते रहे भक्ति गीत रंग-बिरंगी फूल सज्जा, केले के तने और सबरीमाला की 18 पवित्र सीढ़ियों का आकर्षक प्रतीक स्वरूप बना केंद्र 41 दिनों की कठोर दीक्षा के उपरांत 26 नवंबर को इरुमुड़ी विधान के साथ उपासक सबरीमाला यात्रा पर रवाना होंगे।

